Roll No. .................................... Total Pages: 16

# 2201

## SECOND YEAR SCIENCE EXAMINATION, 2019

## GENERAL HINDI

## सामान्य हिन्दी

Time: Three Hours

Maximum Marks: 100

### INSTRUCTIONS/ निर्देश

1. The test booklet contains total **100** questions. Each question carry **1** (one) mark.
   प्रश्नपत्र में कुल **100** प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।
2. Candidate shall be required to attempt all **100** questions.
   सभी **100** प्रश्न हल करने अनिवार्य है।
3. No negative marking.
   ऋणात्मक अंक देय नहीं है।
4. On receipt of test booklet, the candidate should immediately check it and ensure that it is complete in all respect. Discrepancy, if any, should be reported by the candidate to the invigilator within 10 minutes of receiving the test booklet.
   छात्र प्रश्न बुकलेट प्राप्त करते ही सबसे पहले उसके कुल पृष्ठ तथा प्रश्न संख्या जाँच कर ले, यदि प्रश्न पत्र में कोई त्रुटि अथवा कटा–फटा हो, तो तुरन्त पर्यवेक्षक को सूचित करावें।
5. The answer sheet is in the form of **OMR** answer sheet. Candidates should blacken the circle corresponding to correct answer.
   छात्र को सभी प्रश्नों के उत्तर **OMR** शीट में देने हैं। छात्र को सही उत्तर के कॉलम को नीले/काले पेन से गहरा काला करना है।
6. While answering each question, candidate should blacken **OMR** properly with Blue or black ball pen as per instruction printed on the **OMR** sheet.
   छात्र को उत्तर देते समय **OMR** शीट पर दिये गये निर्देशों को ध्यान में रखते हुए नीले/काले पेन से ही कॉलम को काला करना है।
7. For each question only one circle should be blackened. If more than one circle is found marked, the question will be treated unattempted.
   छात्र को प्रत्येक प्रश्न का उत्तर एक कॉलम में ही काला कर देना है। यदि एक से अधिक काले गोले बनाये तो वह उत्तर नहीं पढ़ा जाएगा।
8. Candidate shall be required to deposit **OMR** answer sheet with the invigilator.
   छात्र को **OMR** शीट उत्तर देने के पश्चात् पर्यवेक्षक को जमा करानी अनिवार्य है।

## इकाई - I

**1.** "तब मैं अवश्य चला जाऊँगा चम्पा।" आकाशदीप कहानी में यह कथन है –

(A) जया का
(B) मणिभद्र का
(C) बुद्धगुप्त का
(D) नगरवासी का

**2.** 'जिनावर' कहानी का उद्देश्य है –

(A) असलम की गरीबी बताना
(B) पशुओं के प्रति संवेदनशील बनाना
(C) पुलिस कार्रवाई से बचना
(D) चालाकी से लाभ कमाना

**3.** डोड़ी भी गदल से विवाह कर सकता था किन्तु उचित नहीं समझा –

(A) जग हँसाई के भय के कारण
(B) भाई को दिए हुए वचन के कारण
(C) शादी – शुदा होने के कारण
(D) मौनी के डर से

**4.** "वह बैकुण्ठ जाएगी दादा, बैकुण्ठ की रानी बनेगी।" 'कफन' में यह कथन है –

(A) धीसू का
(B) माधव का
(C) जमींदार का
(D) शराब विक्रेता का

**5.** 'कथा दशक' के संपादक हैं –

(A) डॉ. ओमप्रकाश शर्मा
(B) डॉ. परमानन्द पांचाल
(C) डॉ. हरिचरण शर्मा
(D) डॉ. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी

**6.** 'पत्नी' कहानी की मूल संवेदना है –

(A) दाम्पत्य जीवन की कड़वाहट
(B) दाम्पत्य जीवन की विषमताएँ
(C) दाम्पत्य जीवन में व्याप्त अकेलापन व ऊब
(D) दाम्पत्य जीवन में उत्साह व उमंग

**7.** 'गैंग्रीन' कहानी की पात्र 'मालती' का जीवन है –

(A) अभ्यस्त व यंत्रवत
(B) उल्लास युक्त
(C) नैराश्य भावना युक्त
(D) इनमें से कोई नहीं

8. "मै उन कसाइयों के बीच लौटकर नहीं जाना चाहती। उन्हें मेरे पढ़े लिखे होने पर जलन होती है, वे मेरे साथ जानवर से भी बदतर सलूक करते हैं......।" यह पीड़ा है –

(A) शोभा बुआ की
(B) मालती की
(C) गदल की
(D) चम्पा की

9. "जब से किशन ............ पहुँचा था, जीवन का वह सहज आनन्द उससे कोसो दूर हो गया था" रिक्त स्थान में उचित शहर है –

(A) लखनऊ
(B) कोलकाता
(C) दिल्ली
(D) मुम्बई

10. लोग उसे देखकर 'अपार करूणा' से भर आते थे और खोखली सहानुभूति के बड़े – बड़े शब्दों से उसे लाद देते थे" उक्त संवाद में किस पात्र के विषय में चर्चा हो रही है –

(A) मौनी
(B) डोडी
(C) जनक
(D) शोभा बुआ

11. 'आखिरी चट्टान' विधा की रचना है –

(A) आत्मकथा
(B) डायरी
(C) यात्रा – वृत्त
(D) रेखाचित्र

12. 'पाजेब' कहानी है –

(A) बाल मनोविज्ञान पर आधारित
(B) चरित्र निर्माण पर आधारित
(C) यथार्थ बोध पर आधारित
(D) नगर बोध पर आधारित

13. निम्न में से 'लौह पुरुष' की संज्ञा से विभूषित किया जाता है –

(A) स्वामी विवेकानन्द को
(B) महात्मा गाँधी को
(C) सुभाषचन्द्र बोस को
(D) सरदार वल्ल्भ भाई पटेल को

14. 'गौरा' रेखाचित्र में प्रमुखतः भाव व्यंजित हुआ है –

(A) प्रेम
(B) दया
(C) वात्सल्य
(D) करुणा

15. "मैं क्या दे सकता हूँ, गुरुवर! न मेरी किराने की दुकान है, न होजरी की ................ ।" यह व्यंग्य कथन है –

(A) एकलव्य का
(B) द्रोण का
(C) अर्जुन का
(D) उपकुलपति का

16. निम्न में से 'फीचर' है –

(A) ताहि बोइ तू फूल
(B) अपनी खबर
(C) मैं और मैं
(D) आखिरी चट्टान

17. पाण्डेय बेचैन शर्मा 'उग्र' का नाम बेचैन ही रखने के पार्श्व में कारण है –

(A) वे बेचैन रहते थे।
(B) उनके पिताजी को बेचैन नाम पसंद था।
(C) उन्हें जन्म लेते ही बेच दिया गया था।
(D) उनकी बुआ ने नाम रखा था।

18. दिनकर की निराला से प्रथम भेंट हुई –

(A) विवाह समारोह में
(B) वार्षिकोत्सव में
(C) सहृदय – संघ के साहित्य – समारोह में
(D) क्लब – हाऊस में

19. 'भीष्म' की प्रमुख कमी थी –

(A) उनमें नेतृत्व क्षमता नहीं थी
(B) उन्होंने विवाह नहीं किया था
(C) उन्होंने पाण्डवों का पक्ष नहीं लिया
(D) उनके कर्त्तव्य – अकर्त्तव्य के निर्णय में कमजोरी थी

20. 'मैं और मैं' प्रेरक लेख में लेखक ने कामना व्यक्त की है –

(A) सिर्फ व्यष्टि हित की
(B) सिर्फ समष्टि हित की
(C) व्यष्टि – समष्टि की एकता की
(D) इनमें से सभी

## इकाई - II

**21.** निम्न में से 'तत्सम' शब्द नहीं है –

(A) आम
(B) अनार्य
(C) आक
(D) काक

**22.** निम्न में से 'तद्‌भव' शब्द है –

(A) कच्छप
(B) तप्त
(C) चक्र
(D) होंठ

**23.** निम्न में से 'तद्‌भव' शब्द नहीं है –

(A) चाँदनी
(B) टीका
(C) दीपक
(D) तीरथ

**24.** 'तत्सम – तद्‌भव' सही युग्म नहीं है –

(A) अमृत – अनिय
(B) अहेर – आखेट
(C) अभी – अद्य
(D) खेत – क्षेत्र

**25.** 'आतुर' का विलोम है –

(A) अनातुर
(B) जिज्ञासा
(C) अवरुद्ध
(D) अनाकांक्षा

**26.** 'कटु' का विपरीतार्थक शब्द है –

(A) कड़वा
(B) मधु
(C) कसैला
(D) शहद

**27.** 'विलोम' शब्द युग्म सही नहीं है –

(A) अर्थ – अनर्थ
(B) आरम्भ – उदय
(C) असीम – ससीम
(D) अधम – उत्तम

**28.** 'समास' का विलोम है –

**(A)** सन्धि **(B)** व्यास

**(C)** व्याकरण **(D)** विस्तार

**29.** 'अभिज्ञ' का विलोम है –

**(A)** भिज्ञ **(B)** सुभिज्ञ

**(C)** अनभिज्ञ **(D)** ये सभी सही हैं

**30.** 'अश्व' का पर्यायवाची नहीं है –

**(A)** तुरंग **(B)** हय

**(C)** सुपर्ण **(D)** घोटक

**31.** 'अमृत' के सभी सही पर्याय हैं –

**(A)** सोम, सुधा, अमी, उत्पल **(B)** सोम, मधुकर, पीयूष, सुधा

**(C)** सोम, रसाल, अमिय, पीयूष **(D)** सोम, सुधा, पीयूष, अमिय

**32.** 'क्रोध' का पर्याय नहीं है –

**(A)** दुःख **(B)** रोष

**(C)** रिस **(D)** कोप

**33.** 'वृक्ष' का पर्याय है –

**(A)** बाग **(B)** तरू

**(C)** सुमन **(D)** कुसुम

**34.** 'भौंरा' का पर्याय रूप नहीं है –

**(A)** मधुप **(B)** अलि

**(C)** षट्पद **(D)** झख

**35.** 'अर्थ' का अनेकार्थ नहीं है –

**(A)** धन **(B)** प्रयोजन

**(C)** कार्य **(D)** अभिप्राय

**36.** 'कनक' का सही अर्थ नहीं है –

**(A)** सोना **(B)** धतूरा

**(C)** गेहूँ **(D)** किरण

**37.** 'हंस' का अनेकार्थ नहीं है –

**(A)** ब्रह्म **(B)** मराल

**(C)** पक्षी **(D)** जीवात्मा

**38.** 'भव' का सही अर्थ नहीं है –

**(A)** संसार **(B)** जल

**(C)** शिव **(D)** ये सभी

**39.** गृह का अर्थ 'घर' है, ग्रह का अर्थ है –

**(A)** तारे **(B)** सूर्य

**(C)** चन्द्र **(D)** नक्षत्र

**40.** समश्रुत शब्द सही युग्म नहीं है –

**(A)** भवन – घर, भुवन – संसार **(B)** प्रणय – प्रेम, परिणय – विवाह

**(C)** पवन – हवा, पावन – अग्नि **(D)** तृण – तिनका, त्राण – मुक्ति

## इकाई - III

**41.** राजपत्र में प्रकाशित सरकारी नियम व आदेश कहे जाते हैं –

**(A)** ज्ञापन
**(B)** विज्ञापन
**(C)** अधिसूचना
**(D)** कार्यालय आदेश

**42.** सामग्री खरीद या अनुपयोगी सामग्री बेचने के लिए जारी की जाएगी –

**(A)** ज्ञापन
**(B)** निविदा
**(C)** अधिसूचना
**(D)** इनमें से कोई नहीं

**43.** किसी संस्था में नियुक्ति प्राप्त करने हेतु लिखा जाएगा –

**(A)** प्रार्थना – पत्र
**(B)** कार्यालयी – पत्र
**(C)** आवेदन – पत्र
**(D)** ये सभी

**44.** निम्न में से किस पत्र में मंगलकामनाएँ व्यक्त की जा सकती हैं –

**(A)** अधिसूचना
**(B)** शासकीय – पत्र
**(C)** अर्द्ध – शासकीय पत्र
**(D)** आवेदन – पत्र

**45.** निम्न में से पत्र – लेखन की विशेषता नहीं है –

**(A)** सरलता
**(B)** क्लिष्टता
**(C)** क्रमबद्धता
**(D)** संक्षिप्तता

**46.** समाचार – पत्र में समाचार प्रकाशित करवाने हेतु निम्न में से किनके नाम पत्र लिखा जाएगा –

**(A)** संपादक के नाम
**(B)** संवाददाता के नाम
**(C)** वितरक के नाम
**(D)** प्रबन्धक के नाम

**47.** विवाह के अवसर पर पत्र लिखा जाएगा –

**(A)** निमन्त्रण – पत्र
**(B)** बधाई – पत्र
**(C)** शोक – पत्र
**(D)** व्यावसायिक –पत्र

**48.** 'परिपत्र' कहा जाता है –

**(A)** सामान्य पत्र
**(B)** एक कार्यालय द्वारा अधीनस्थ विभाग को लिखा गया पत्र
**(C)** पुनः स्मरण हेतु लिखा गया पत्र
**(D)** किसी आदेश को एक साथ सभी को सूचित करने हेतु लिखा गया पत्र

**49.** 'Administrator' के लिए हिन्दी में उपयुक्त शब्द है –

**(A)** प्रशासन
**(B)** प्रशासक
**(C)** निदेशक
**(D)** वितरक

**50.** 'Comptroller' को हिन्दी में कहा जाएगा –

**(A)** परीक्षा नियन्त्रक
**(B)** नियन्त्रक
**(C)** वित्त नियन्त्रक
**(D)** उप कुलसचिव

**51.** 'Candidate' सूचक शब्द है –

**(A)** नेता
**(B)** जनप्रतिनिधि
**(C)** अभ्यर्थी
**(D)** व्यक्ति

**52.** 'Assistant Professor' का हिन्दी पदनाम होगा –

**(A)** आचार्य
**(B)** सह आचार्य
**(C)** प्रवक्ता
**(D)** सहायक आचार्य

**53.** 'कुलपति' वाचक अंग्रेजी शब्द है –

**(A)** Registrar
**(B)** Chancellor
**(C)** Vice – Chancellor
**(D)** Dean

54. 'आहरण अधिकारी' सूचक शब्द है –

(A) Drawing officer
(B) Distributor
(C) Financer
(D) Manager

55. 'Oath – Commissioner' का हिन्दी पदनाम होगा –

(A) शपथ – कर्त्ता
(B) शपथ – आयुक्त
(C) शपथ – प्रदाता
(D) शपथ – निदेशक

56. "The Present time is the most valuable time." का हिन्दी अर्थ है –

(A) वर्तमान समय में ही कार्य करें।
(B) आज की कीमत समझें।
(C) वर्तमान समय सबसे मूल्यवान समय है।
(D) वर्तमान से बढ़कर कोई समय नहीं है।

57. 'He was going' वाक्य का सही हिन्दी रूपान्तर है –

(A) वह जा रहा है
(B) वह जा सकता है
(C) वह जाएगा
(D) वह जा रहा था

58. 'Banswara is the <u>heaven</u> of Birds.' रेखांकित शब्द का हिन्दी अर्थ है –

(A) पृथ्वी
(B) स्वर्ग
(C) नर्क
(D) पनाहगाह

59. 'I have completed my work.' वाक्य का हिन्दी अनुवाद होगा –

(A) मैं कार्य कर रहा हूँ।
(B) मैं कार्य कर चुका था।
(C) मैं अपना कार्य पूर्ण कर चुका हूँ।
(D) मैं अपना कार्य कर चुका हूँ।

60. 'I Like to <u>see</u> cricket match.' रेखांकित शब्द का अर्थ है –

(A) देखना
(B) जाना
(C) तैयार होना
(D) पहनना

## इकाई - IV

**61.** 'जब मात्रा से अधिक वर्षा हो' के लिए एक शब्द है –

**(A)** अनावृष्टि **(B)** अतिवृष्टि

**(C)** सुवृष्टि **(D)** कुवृष्टि

**62.** 'जिसे पार करना कठिन हो' अर्थ प्रदान करने वाला एक शब्द है –

**(A)** अगम्य **(B)** दुस्तर

**(C)** अपार **(D)** अपरिमेय

**63.** 'जंगल में लगी आग' को कहा जाएगा –

**(A)** दावानल **(B)** जठरानल

**(C)** बड़वानल **(D)** अनल

**64.** 'जो हमेशा रहेगा' के लिए एक शब्द है –

**(A)** संस्कृति **(B)** नियम

**(C)** शाश्वत **(D)** प्राकृतिक

**65.** निम्न में से अशुद्ध शब्द है –

**(A)** महात्म्य **(B)** भगीरथी

**(C)** शाप **(D)** श्रृंखला

**66.** शुद्ध शब्द का चयन कीजिए –

**(A)** कवियित्री **(B)** श्रंगार

**(C)** द्वारिका **(D)** अनुगृहीत

**67.** अशुद्ध शब्द है –

**(A)** स्त्रोत **(B)** वधू

**(C)** उषा **(D)** आधीन

**68.** अशुद्ध वाक्य का चयन कीजिए –

**(A)** मैं प्रातः वन्दन करता हूँ **(B)** हम पूजा करते हैं

**(C)** उसमें धैर्यता का अभाव है **(D)** वह शाम तक आएगा

**69.** शुद्ध वाक्य है –

**(A)** मैं ने ठहरने का मन बनाई **(B)** नगर में मेला लगी है

**(C)** पक्षी आकाश में उड़ रहे हैं **(D)** कक्षा में अनेक बच्चा हैं

**निम्न मुहावरों का सही अर्थ है – (प्र. 70 से 74)**

**70.** आकाश के तारे तोड़ना –

**(A)** असंभव कार्य को संभव बना देना **(B)** आकाश में पहुँचना

**(C)** घमण्ड करना **(D)** असंभव कार्य छोड़ देना

**71.** रोंगटे खड़े होना –

**(A)** गिर जाना **(B)** डर जाना

**(C)** भाग जाना **(D)** धोखा देना

**72.** 'तूती बोलना'

**(A)** हकलाना **(B)** बच्चों की तरह बोलना

**(C)** अमर्यादित बोलना **(D)** खूब प्रभाव होना

**73.** इति श्री होना –

**(A)** आरम्भ होना **(B)** समाप्ति होना

**(C)** प्रगति पर होना **(D)** सम्मानित होना

**74.** 'अँगूठा दिखाना' –

**(A)** हार जाना **(B)** चिढ़ाना

**(C)** मना करना **(D)** झूठ बोलना

**75.** 'अँधे के हाथ बटेर लगना' लोकोक्ति का अर्थ है –

**(A)** परिश्रम करना

**(B)** बिना परिश्रम के सफलता मिल जाना

**(C)** दोषी के साथ निर्दोष को दण्डित करना

**(D)** हर प्रकार से लाभ ही लाभ

**76.** 'काम कोई करे लाभ कोई उठाय' के लिए उचित लोकोक्ति है –

**(A)** अँधी पीसे कुत्ता खाय

**(B)** साँप मरे न लाठी टूटे

**(C)** खोदा पहाड़ निकली चुहिया

**(D)** साँप छछूँदर की दशा

**77.** 'एक दुष्ट व्यक्ति सारे परिवार को बदनाम कर देता है' अर्थवाचक लोकोक्ति है –

**(A)** ओखली में सिर दिया तो मूसल से क्या डरना

**(B)** करले सो काम, भजले सो राम

**(C)** का वर्षा जब कृषि सुखाने

**(D)** एक मछली सारे तालाब को गंदा करती है

**78.** 'Discard' के लिए उपयुक्त हिन्दी शब्द है –

**(A)** सेवामुक्त करना

**(B)** पदमुक्त करना

**(C)** अमान्य करना

**(D)** विस्थापित करना

**79.** 'संवर्ग' द्योतक अंग्रेजी शब्द है –

**(A)** Cabinet

**(B)** Case

**(C)** Cadre

**(D)** Certificate

**80.** 'Defamation' का हिन्दी अर्थ है –

**(A)** मानहानि

**(B)** महाभियोग

**(C)** गबन

**(D)** पदच्युत करना

## इकाई - V

**81.** कम्प्यूटर सिस्टम की एक सीमा है –

**(A)** स्पीड **(B)** शुद्धता

**(C)** परिश्रम **(D)** बुद्धि का अभाव

**82.** एक कोडिंग संरचना जिसमें अक्षर एक समानान्तर सलाखों की श्रृंखला से प्रतिनिधित्व होता है–

**(A)** संख्यात्मक बार **(B)** बार कोड

**(C)** मेनू बार **(D)** टूल बार

**83.** बहु – विकल्पीय परीक्षणों में उत्तर – पुस्तिका को स्वतः जाँच लेता है –

**(A)** बार कोड रीडर **(B)** ऑप्टिकल कैरेक्टर रीडर

**(C)** मैग्नेटिक इंक कैरेक्टर रीडर **(D)** ऑप्टिकल मार्क रीडर

**84.** मैसेज के साथ फाइल को भी भेजा जा सकता है –

**(A)** Attach **(B)** Adress

**(C)** BCC **(D)** Subject

**85.** क्रेडिट कार्ड नंबर में अक्षर होते हैं –

**(A)** 13 **(B)** 14

**(C)** 15 **(D)** 16

**86.** ई – लर्निंग में पाठ्य – सामग्री उपलब्ध होती है –

**(A)** वर्ड डॉक्यूमेंट्स में **(B)** पीडी एफ में

**(C)** वीडियो, स्लाइड शो में **(D)** उपरोक्त सभी में

**87.** MS – World में File कहलाती है –

**(A)** Document **(B)** Pages

**(C)** Slide **(D)** Sheet

**88.** निम्न में से हिंदी फॉन्ट नहीं है –

(A) कृतिदेव (B) मंगल

(C) चाणक्य (D) टाईम्स न्यू रोमन

**89.** एक एम.बी. में के.बी. होते हैं –

(A) 1022 (B) 1054

(C) 1000 (D) 1024

**90.** राजस्थान विधानसभा चुनाव – 2018 में पहली बार निम्न में से नवीन तकनीक का प्रयोग हुआ –

(A) EVM (B) INTERNET

(C) COMPUTER (D) VVPAT

**91.** राजभाषा सम्बन्धी प्रावधानान्तर्गत अंकों का स्वरूप मान्य है –

(A) देवनागरी अंक (B) रोमन अंक

(C) भारतीय अंकों का अन्तर्राष्ट्रीय रूप (D) उक्त सभी

**92.** निम्न में से अन्तःस्थ वर्ण हैं –

(A) श ष (B) य व

(C) ल स (D) ड़ ढ़

**93.** भारतीय संविधान के अनुच्छेद ............... के तहत देवनागरी लिपि स्वीकृत है –

(A) 343 (B) 350

(C) 356 (D) 370

**94.** 'देवनागरी लिपि' के नामकरण सम्बन्धी मत हैं –

(A) गुजरात के नागर ब्राह्मणों के नाम पर (B) देवनगर अर्थात् 'काशी' में प्रयुक्त होने के कारण

(C) देववाणी अर्थात् 'संस्कृत' लिखने में प्रयुक्त होने के कारण (D) उपर्युक्त सभी

**95.** देवनागरी लिपि ब्राह्मी लिपि के रूप से विकसित है –

**(A)** खरोष्ठी **(B)** कुटिल

**(C)** उक्त A व B दोनों सही हैं **(D)** उक्त A व B दोनों गलत हैं

**96.** दक्षिण भारत में देवनागरी लिपि को जाना जाता है –

**(A)** गुप्त लिपि नाम से **(B)** कुटिल लिपि नाम से

**(C)** नंदी नागरी नाम से **(D)** दक्षिणी लिपि नाम से

**97.** देवनागरी में छह लिखा जाएगा –

**(A)** 6 **(B)** छ

**(C)** VI **(D)** ये सभी सही हैं

**98.** देवनागरी लिपि की विशेषता नहीं है –

**(A)** वैज्ञानिक लिपि है **(B)** ध्वन्यात्मक लिपि है

**(C)** विश्वसनीय व प्रामाणिक लिपि है **(D)** यह रोमन लिपि की अपेक्षा कमजोर है

**99.** उत्तर प्रदेश सरकार ने देवनागरी लिपि सुधार हेतु गठन किया –

**(A)** आचार्य श्याम सुंदरदास समिति **(B)** काका काकेलकर समिति

**(C)** राजभाषा समिति **(D)** आचार्य नरेन्द्र देव समिति

**100.** 'ज्ञ' संयुक्त व्यंजन में वर्णों का मेल है –

**(A)** ज् + य **(B)** ज् + ग्य

**(C)** ज् + ञ **(D)** ज् + ग्न

------------------------------------------